# यूपी का आईटी ईको सिस्टम मजबूत : आलोक कुमार

**लखनऊ।** इन्वेस्ट यूपी ने शुक्रवार को मुंबई के एक होटल में उच्चस्तरीय जीसीसी राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रमुख सचिव, नियोजन और 10 खरब डॉलर मिशन के नोडल अधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि यूपी जीसीसी के लिए दुनिया के सबसे ज्यादा प्रतियोगी स्थान है।

माइक्रोसॉफ्ट, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल, आईबीएम, जेपी मॉर्गन और टीसीएस जैसी अग्रणी कंपनियां पहले से ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और लखनऊ में हैं। इससे राज्य में आईटी व आईटी आधारित सेवाओं का ईको सिस्टम मजबूत बना है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सर्विस सेक्टर के निवेशकों को आकर्षक प्रोत्साहन लाभ दे रही है। इसमें 30-50 फीसदी लैंड सब्सिडी और संचालन लागत में भी 20 फीसदी छूट उपलब्ध है। हब एंड स्पोक जीसीसी ऑपरेटिंग मॉडल के तहत नोएडा और ग्रेटर नोएडा मुख्य केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। लखनऊ मिड टियर जीसीसी सिटी के रूप में उभर रहा है। आगरा, कानपुर और मेरठ सैटेलाइट केंद्र तो गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज आउटसोर्सिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किए जा रहे हैं।



उच्चस्तरीय जीसीसी राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में मौजूद अधिकारी। स्रोत : इन्वेस्ट यूपी

## इन्वेस्ट यूपी की ओर से कॉन्फ्रेंस का आयोजन

उन्होंने यह भी बताया कि कौशल विकास कार्यक्रम के तहत 15 लाख प्रशिक्षित युवाओं के साथ यूपी में टेक्नोलॉजी, एनालिटिक्स, डिजिटल इंजीनियरिंग और सर्विस सेक्टर के लिए टैलेंट पूल उपलब्ध है।

राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य यूपी को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के उभरते हब के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं, नीतिगत ढांचे और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को प्रदर्शित करना था। इस दौरान देवप्रिया मुखर्जी (टीसीआई), दिनेश पटेल (शक्ति पम्प्स), ललित कत्याल (टेक महिंद्रा), सत्य महापात्रा, उत्पल अशर (आईबीएम कंसल्टिंग) आदि मौजूद रहे। ब्यूरो